उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं० 960   दिनांक / Date 5.11.2017

।। प्रेस विज्ञप्ति ।।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 5 नवम्बर, 2017 को 2 लिखित परीक्षायें आयोजित की गयी। प्रथम पाली में 10 से 12 बजे के मध्य अवर अभियंता पद के लिए पद कोड–52, 53, 54, 59 की परीक्षा आयोजित की गयी। 295 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा में कुल 17160 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किये गये थे। इनमें से 12999 अभ्यर्थियों ने परीक्षा केन्द्रों पर जाकर परीक्षा दी। 4161 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। देहरादून के 25 केन्द्रों में 12231 कुल अभ्यर्थी थे इनमें से 9348 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी व 2882 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। हल्द्वानी शहर के 10 केन्द्रों में 4929 अभ्यर्थी थे इनमें से 3650 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी व 1279 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

दूसरी पाली में अपराह्न 2 से 4 बजे के मध्य कम्प्यूटर प्रोग्रामर पद के लिए पद कोड–10 व 44 के 59 पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। इस परीक्षा में कुल 8425 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये। जिनमें से 4422 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। 4003 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। देहरादून के 10 परीक्षा केन्द्रों में कुल 5558 अभ्यर्थियों में से 2914 अभ्यर्थी उपस्थित हुये व 2644 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। हल्द्वानी के 5 परीक्षा केन्द्रों में कुल 2867 अभ्यर्थियों में 1508 अभ्यर्थी उपस्थित रहे व 1359 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

इन परीक्षाओं में सभी प्रश्न बुकलेट्स की आंसर–की आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। कुल 32 आंसर–की आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी दिनांक 13/11/2017 तक प्रश्नों पर अपनी चुनौतियां/प्रतिवेदन दे सकते हैं। प्रश्नों पर चुनौतियां आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर मान्य होगी एवं केवल ई–मेल के द्वारा स्वीकार होंगी। प्रारूप आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर सुसंगत संदर्भ सामग्री के साथ अपना प्रतिवेदन आयोग को ई–मेल chayanayog@gmail.com पर प्रेषित कर सकते हैं।

दोनों परीक्षायें सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न हुयी। इन परीक्षाओं के आयोजन में सहयोग के लिए आयोग जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सभी केन्द्रों व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों, मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक, आदि का धन्यावाद ज्ञापित करता है।

5/11/17
(संतोष बडोनी)
सचिव।